कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-06.01.2025

विषयः- यू0पी0 सी0सी0एस0सी0आर0 परीक्षा (2024-25) में फर्जी तरीके से दूसरे परीक्षार्थी के स्थान पर परीक्षा देने आया अभियुक्त शुभम कुमार गिरफ्तार।

कमिश्नरेट वाराणसी में विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर दिनांक-05.01.2025 को एन0टी0ए0 द्वारा आयोजित यू0पी0 सी0सी0एस0सी0आर0 (2024-25) परीक्षा के दौरान वरुणा ज़ोन के थाना लालपुर पाण्डेयपुर अन्तर्गत स्थित परीक्षा केंद्र देवा महिला महाविद्यालय लमही थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमि0 वाराणसी में परीक्षा देने आये एक फर्जी परीक्षार्थी/अभियुक्त शुभम कुमार पुत्र जय किशोर सिंह निवासी ग्राम ढाई बीघा थाना नरहट जिला नेवादा बिहार द्वारा कूटरचित पैनकार्ड व प्रवेश पत्र के आधार पर यू0पी0 सी0सी0एस0सी0आर0 ग्रुप-डी (2024-25) परीक्षा में धोखाधड़ी कर दूसरे परीक्षार्थी ओम पाण्डेय (रोल नं0 4112130425) के स्थान पर सम्मिलित होने के सम्बन्ध में वादी मुकदमा श्री आनन्द सिंह प्रिंसिपल देवा महिला महाविद्यालय लमही थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमि0 वाराणसी की तहरीर के आधार पर थाना लालपुर पाण्डेयपुर में मु0अ0सं0 007/2025 धारा 319(2),318(4),338,336(3),340(2),61 बी0एन0एस0 व 6/10 सार्वजनिक परीक्षा अधि0 1998 पंजीकृत कर, दिनांक-05.07.2024 को अभियुक्त शुभम कुमार उपरोक्त को नियमानुसार हिरासत पुलिस मे लेकर, अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ का विवरण- अभियुक्त शुभम कुमार ने पूछताछ करने पर बताया कि ओम पाण्डेय पुत्र चन्द्रबली पाण्डेय ने मुझे दस हजार रुपये दिए तथा अपने स्थान पर परीक्षा देने के लिए तैयार किया तथा परीक्षा देने के बाद और रुपये देने के वादा किया था। मैंने और ओम पाण्डेय ने मिलकर मेरे पैन कार्ड में छेड़-छाड़ कर उसपर ओम पाण्डेय का नाम, पिता का नाम तथा हस्ताक्षर बना लिया था। इसी तरह प्रवेश पत्र में भी मेरे द्वारा अपना फोटो लगा लिया गया एवं पैन तथा प्रवेश पत्र पर ओम पाण्डेय का हस्ताक्षर मेरे द्वारा ही किया गया है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

शुभम कुमार पुत्र जय किशोर सिंह निवासी ग्राम ढाई बीघा थाना नरहट जिला नेवादा बिहार, उम्र 30 वर्ष।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय- दिनांक 05.01.2024 को समय करीब 21.53 बजे हिरासत पुलिस में लिया गया।

बरामदगी का विवरण- कूटरचित पैन कार्ड ओम पाण्डेय (GJKPP2996D) व प्रवेश पत्र ओम पाण्डेय (रोल नं0 4112130425)

<u>गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-</u>

1- हे0का0 राजेश पाण्डेय थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमि0 वाराणसी ।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।